# राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0

जी–1/138, मालवीय औद्योगिक क्षैत्र, जयपुर

## वर्ष 2021–22 की अवधि के लिये मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स का क्रय हेतु निविदा

मुद्रणालय को वर्ष 2021–22 की अवधि (अनुबंध तिथि से 31.03.2022 तक) के लिए प्रयोगार्थ विभिन्न प्रकार के मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स क्रय हेतु स्थानीय प्रतिष्ठित रजिस्टर्ड फर्मों/निर्माताओं/अनुमोदित वितरको/वास्तविक सामान के विक्रेताओं से सीलबंद द्वि निविदा पद्धति से निविदा दिनांक 15.02.2021 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दो बन्द लिफाफो में हस्ताक्षर युक्त प्रस्तुत की जावेगी (1) तकनीकी निविदा प्रपत्र परिशिष्टि ''अ'' में तकनीकी विवरण एवं (2) वित्तीय निविदा प्रपत्र परिशिष्ट ''ब'' में दरें अंकित कर प्रस्तुत करनी होगी।

**तकनीकी निविदा** एवं **वित्तीय निविदा** मोहरबन्द लिफाफे में अलग–अलग भेजी जानी चाहिये जिसमें तकनीकी निविदा के लिफाफे में बोली प्रतिभूति एवं अन्य सूचना का विवरण तथा वित्तीय निविदा के लिफाफे में निविदा की दरें व अन्य विवरण अंकित होंगे। प्रथम लिफाफे पर वर्ष 2021–22 की अवधि के लिए मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स एवं लिफाफे आदि का क्रय हेतु ''तकनीकी निविदा'' तथा द्वितीय लिफाफे पर वर्ष 2021–22 की अवधि में मिलमेड/हैण्डमेड फाईल कवर्स एवं लिफाफे क्रय हेतु ''वित्तीय निविदा'' लिखा होना चाहिऐ। निविदा निर्धारित निविदा प्रपत्र में भरकर ठीक प्रकार से लिफाफे में सीलबंद कर उचित रूप से ''मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स का क्रय हेतु निविदा'' लिखा जाकर प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0, जी–1/138, मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर को सम्बोधित करते हुये प्रस्तुत किया जाना चाहिऐं। तकनीकी निविदा में सफल बोलीदाता का ही ''वित्तीय निविदा'' को खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें इस मुद्रणालय की वेबसाईट www.thecooperativepress.com व sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते इस कार्यालय में रू. 500/– नकद/डी.डी. भेजकर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। विलम्ब से प्राप्त (अपलोड) निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त निविदा में तकनीकी निविदा को दिनांक 16.02.2021 प्रातः 11.30 बजे उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोला जायेगा। तकनीकी निविदा में सफल बोलीदाता की ही ''वित्तीय निविदा'' को खोला जायेगा। किसी भी निविदा या उसके किसी भाग को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार मुद्रणालय को होगा तथा इस संबंध में मुद्रणालय का निर्णय ही अन्तिम व मान्य होगा। बोलीदाता द्वारा निविदा प्रस्तुत करने का तात्पर्य यह होगा कि समस्त शर्तें निविदा को स्वीकार हैं। ***बिड के साथ आर.टी.पी.पी. नियम 2013 के नियम 42(2) में दिनांक 18.12.2020 को किये गये संशोधनानुसार बिड सिक्यूरिटी के संबंध में लिये जाने वाले घोषणा पत्र संलग्न प्रारूप के अनुसार 50 रू. के स्टाम्प पेपर पर (नियमानुसार 30 प्रतिशत सरचार्ज सहित) निविदादाता द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा ।*** सफल बोलीदाता को सामग्री के मूल्य के 2.5 प्रतिशत के बराबर नियमानुसार कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा करानी होगी तथा रजिस्टर्ड लघु उद्योग इकाई को सामान के मूल्य के 0.5 प्रतिशत के बराबर नियमानुसार प्रतिभूति राशि जमा करानी होगी तथा लिखित करार (अनुबन्ध) करना होगा। अन्य कोई सूचना प्राप्त करनी हो तो उक्त सबंध में संस्था के महाप्रबंधक श्री सुनील दत्त शर्मा फोन 0141–2751417 एवं ई–मेल : raj_coop_press@yahoo.co.in पर संपर्क कर सकते हैं।

बिड अनुबंध की वैधता अवधि अनुबंध होने की तिथि से 31.03.2022 तक होगी। मुद्रणालय प्रशासन को अनुबंध अवधि समाप्त होने से पूर्व अनुबंध को खत्म करने का अधिकार होगा। इसमें किसी भी तरह का विवाद स्वीकार्य नहीं होगा।

संलग्न : निविदा प्रपत्र एवं शर्ते

**प्रबन्ध निदेशक**

प्रपत्र ''अ''

# राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0,
# जी–1/138, मालवीय औद्योगिक क्षैत्र, जयपुर

**वर्ष 2021–22 की अवधि के लिये मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स का क्रय हेतु निविदा प्रपत्र प्रथम''तकनीकी निविदा''**

1. निविदा प्रपत्र मूल्य 500.00 रूपये
2. निविदा प्राप्ति की दिनांक 15.02.2021 को सायं 5.00 बजे तक
3. तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक 16.02.2021 को प्रातः 11.30 बजे
4. बिड का अनुमानित मूल्य 9 लाख रूपये

---

1. बोलीदाता का नाम व पूर्ण पता...............................................................................................

..............................................................................................................................................

बोलीदाता फर्म का कार्यालय/गोदाम/कार्यशाला का पूर्ण पता .....................................................

..............................................................................................................................................

फोन नं. ...............................................ई–मेल ...............................................मोबाइल नं. .........................................

1. निविदा प्राप्तकर्त्ता प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0, जयपुर

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बोली प्रतिभूति के संबंध में संलग्न प्रारूपानुसार घोषणा पत्र बिड के साथ संलग्न करावें । | |
| 2 | निविदा के साथ मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स नमूने संलग्न है। (भौतिक रूप से मुद्रणालय में प्रस्तुत करने हैं) | |
| 3 | स्थापित यंत्रो का विवरण संलग्न है। | |
| 4 | अधिकृत विक्रेता/अनुमोदित वितरक/वास्तविक विक्रेता होने का प्रमाण पत्र संलग्न हैं। (एस. आर. 11 संलग्न है।) | |
| 5 | जी.एस.टी.रजिस्टेशन नम्बर (प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न है।) एवं अंतिम तिमाही में प्रस्तुत जी.एस.टी. रिटर्न की सनदीलेखाकार (CA) द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न है। | जी.एस.टी. नं. |
| 6 | बोलीदाता के पैन पंजीकरण एवं कर निर्धारण वर्ष 2020–21 के आई.टी.आर. की प्रति संलग्न है। | |
| 7 | विगत वर्षों में मिल मेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स आपूर्ति की समरूप संविदाओं को संतोषप्रद रूप से पूर्ण करने का प्रमाण–पत्र संलग्न करें। | |

निविदादाता के हस्ताक्षर व मोहर

# <u>बोलीदाता द्वारा घोषणा पत्र</u>

मेरे/हमारे द्वारा प्रदत्त निविदा संख्या ...................... दिनांक ................... के अन्तर्गत राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता अधिनियम 2012 की धारा 7 के अन्तर्गत एतद् घोषणा करता हूँ कि :–

(1) यह कि मुद्रणालय को प्रस्तुत उक्त बिड्स से सम्बन्धित समस्त प्रकार की व्यवसायिक तकनीकी, आर्थिक एवं प्रबन्धकीय संसाधन आदि मेरे/हमारे पास उपलब्ध हैं।

(2) यह कि मैं/हम केन्द्र और राज्य सरकार अथवा स्थानीय निकाय द्वारा किसी भी प्रकार के देय करों की अदायगी के लिये बाध्य रहूँगा/रहेंगे।

(3) यह कि मैं/हम किसी न्यायालय अथवा न्यायिक अधिकारी, आदाता द्वारा दिवालिया आदि घोषित नहीं हूँ/हैं और न ही उक्त कारणों से किसी प्रकार की कोई कार्यवाही विचाराधीन है।

(4) यह कि विगत 3 वर्षो में मैं/हम और हमारे निदेशक व अधिकारियों में से कोई व्यावसायिक गतिविधि के कारण किसी आपराधिक गतिविधि में सजायाफ्ता नहीं है और ना ही किसी प्रकार के गलत तथ्यों व झूठी घोषणाओं के कारण निर्योग्य किये गये है।

(5) यह कि मेरे/हमारे द्वारा बिड प्रपत्र ध्यानपूर्वक पढ़ लिया गया है और मैं/हम इसकी शर्तो/नियमों से पूर्णतया सहमत हूँ/हैं, जिसको मानने के प्रमाण स्वरूप समस्त प्रपत्रों पर हस्ताक्षर अंकित कर दिये हैं।

(6) यह कि मैं/हम उक्त अधिनियम, नियम व बिड्स शर्तो से विपरीत कोई धारणा नहीं रखते हैं।

दिनांक : ......................

स्थान : ......................

**हस्ताक्षर बोलीदाता**

नाम............................................................

पद............................................................

पता............................................................

..................................................................

मो0नं0........................................................

प्रपत्र ''ब''

# राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0

जी–1/138, मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर–302017
फोन नं. 0141–2751417, 2751352

# वित्तीय निविदा

## वर्ष 2021–22 की अवधि के लिये मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स का क्रय हेतु निविदा प्रपत्र

1. बोलीदाता फर्म का नाम व पूर्ण पता........................................................................................

..................................................................................................................................................

..................................................................................................................................

2. मुद्रणालय में मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर क्रय करने हेतु हमारे द्वारा प्रस्तुत दरें निम्नानुसार है :–

अनुमानित राशि 9.00 लाख रूपये (नौ लाख रूपयें) बोली प्रतिभूति (संलग्न प्रारूप में घोषणा–पत्र)

(1) मिलमेड फाईल कवर्स

| क्र. सं. | नाम सामग्री | प्रस्तावित दर (मिलमेड कार्डशीट पर) (रूपयों में) प्रति नग | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 18.3 कि. | 22.6 कि. | 26.7 कि. | 30.9 कि. |
| 1. | (1) सादा फाईल कवर दो पड़त में (आईलेट सहित) | | | | |
| | (2) 3 फोल्ड 6 आईलेट फाईल कवर | | | | |
| | (3) 3 फोल्ड 6 आईलेट फाईल कवर | | | | |
| | (अ) (बाइण्डिंग पट्टी अन्दर की तरफ में) | | | | |
| | (ब) (बाइण्डिंग पट्टी दोनों तरफ बाहर एवं अन्दर) | | | | |
| | (स) (कोबरा फाईल कवर) | | | | |
| | (4) फाईल पैड 28 ओंस एवं 32 ओंस गत्ता | 28 ओंस | | 32 ओंस | |
| | (5) स्पेशल फाईल कवर (30.9 kg) (नमूने के अनुसार) | | | | |
| | (6) फाईल कवर दोनो तरफ लेमिनेटेड (डोजियर ) | | | | |

(2) हैण्डमेड कार्डशीट के फाईल कवर्स

| | | प्रस्तावित दर (हैण्डमेड कार्डशीट पर) (रूपयों में) प्रति नग | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विवरण | 70 कि. | 75 कि. | 80 कि. | 100 कि. |
| 1. | सादा फाईल कवर बिना आईलेट के | | | | |
| 2. | सादा फाईल कवर दो पड़त में आईलेट सहित | | | | |
| 3. | थ्री फोल्ड 6 आईलेट फाईल कवर | | | | |
| 4. | थ्री फोल्ड 6 आईलेट सहित फाईल कवर (बाइंडिंग पट्टी अंदर की तरफ बाइंडिंग पट्टी दोनों तरफ) एवं एक तरफ | | | | |
| | | | | | |
| 5. | स्पेशल फाईल फोल्डर (100–450 kg) | | | | |
| 6. | (फाईल कवर/फोल्डर (100–450 kg) (नमूने के अनुसार) | | | | |

3. निविदा निविदा प्रपत्र के साथ निविदा एवं संविदा की जो शर्ते संलग्न है, हमें स्वीकार है।
4. सभी दरें जी.एस.टी. रहित (Without GST) अंकित है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर

परिशिष्ट 'स'

# राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0,

जी–1/138, मालवीय औद्योगिक क्षैत्र, जयपुर

## मिलमेड एवं हैण्डमेड फाईल कवर्स क्रय हेतु निविदा एवं संविदा की शर्तें

सूचना : बोलीदाता को अपनी दरें भरते समय बिड प्रपत्र एवं इन शर्तों को बहुत ध्यानपूर्वक पढना चाहिए। किसी प्रकार का पुनर्लेखन नही होना चाहिए। यदि पुनर्लेखन हो तो उस पर लघुहस्ताक्षर अंकित होने चाहिए।

1. वर्ष 2021–22 की अवधि के लिये मुद्रणालय को विभिन्न प्रकार के मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स के क्रय हेतु प्रतिष्ठित फर्मो/विक्रेताओं/निर्माताओं से द्वि निविदा पद्धति से निविदायें (तकनीकी एवं वित्तीय) हस्ताक्षर युक्त दिनांक 15.02.2021 को सायं 5.00 बजे तक प्रस्तुत की जायेगी (1) तकनीकी निविदा प्रपत्र ''अ'' मे तकनीकी एवं अन्य विवरण एवं (2) वित्तीय निविदा प्रपत्र ''ब'' में दरें अंकित कर प्रस्तुत करनी होगी। दोनों बिड अलग–अलग लिफाफे में डालकर दोनों लिफाफे एक बड़े लिफाफे में डालकर प्रस्तुत करें।
2. विलम्ब से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
3. सर्वप्रथम तकनीकी निविदा को दिनांक 16.02.2021 को प्रातः 11.30 बजे खोला जावेगा। तकनीकी निविदा में योग्य पाये जाने पर ही वित्तीय निविदा को खोला जायेगा। इसमें किसी भी प्रकार वाद विवाद मान्य नहीं होगा।
4. निविदा केवल निर्माता अथवा संबंधित सामग्री के लिए रजिस्टर्ड/अनुमोदित वितरक हो या वास्तव में उस सामान के विक्रेता हो, के द्वारा प्रस्तुत की जायेगी।
5. आपूर्ति किये जाने वाला माल निर्धारित विवरणों के अनुसार एवं अनुमोदित स्टेण्डर्ड सैम्पल से मिलता हुआ सर्वोत्तम किस्म का होगा, अन्यथा स्वीकार नही किया जायेगा।
6. फर्म आवंटित आदेश को किसी अन्य ऐजेन्सी को सबलेट नहीं करेगा।
7. संस्था को माल के निरीक्षण करने तथा गुणवत्ता/मेक आदि के बारे में जांच करने की शक्ति रहेगी।
8. बोलीदाता को अपने कार्यालय, गोदाम व कार्यशाला का पूर्ण पता मुद्रणालय को देना होगा, ताकि संस्था द्वारा निरीक्षण किया जा सके तथा साथ ही उस व्यक्ति का पूरा नाम तथा पता भी देना चाहिये, जिससे इस प्रयोजन हेतु सम्पर्क स्थापित किया जा सके।
9. यदि अनुमोदित गुणवत्ता, मेक या आकार से भिन्न माल सप्लाई किया जाता है तो उसको अस्वीकार कर दिया जावेगा तथा उसको बिना अतिरिक्त मूल्य के एक निश्चित अवधि के भीतर वितरक द्वारा बदलना होगा।
10. सभी दरें एफ. ओ. आर. मुद्रणालय परिसर मालवीय औद्योगिक क्षैत्र, जयपुर होगी, जिसके लिए कोई कार्टेज व अन्य किसी प्रकार का व्यय देय नहीं होगा।
11. निविदा स्वीकृत होने पर कार्य आदेश में अंकित समय की अवधि में माल वितरण करना अनिवार्य होगा अन्यथा नियमानुसार विलम्ब शुल्क वसूल किया जायेगा।
12. आपूर्ति का आदेश किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है।
13. निविदा में किसी भी प्रकार की अभिवृद्धि (एडीशन) एवं परिवर्तन नहीं किये जाने चाहिए। कोई भी ओवरराईटिंग नहीं की जानी चाहिए।

14. निविदादाता को निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ व अन्त में निविदा एवं अनुबन्ध की समस्त शर्तों को मानने के प्रमाण में हस्ताक्षर करने होगा जो अनुबन्ध का भाग होगा।

*15. तकनीकी एवं वित्तीय बिड के साथ संलग्न प्रारूपानुसार बिड सिक्यूरिटी के संबंध में घोषणा पत्र 50 रू. के स्टाम्प पेपर पर (नियमानुसार 30 प्रतिशत सरचार्ज सहित) प्रस्तुत करना होगा । इसके बिना बिड पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं जिन बोलीदाताओं की निविदा स्वीकार की जावेगी उनको नियमानुसार राशि कार्यसम्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा करानी होगी ।*

16. पूर्व में मुद्रणालय में जमा बोली प्रतिभूति/कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि का निविदा के साथ नियमानुसार जमा कराई जाने वाली राशि में समायोजन नहीं होगा।

17. सफल बोलीदाता को निर्धारित प्रपत्र में एक अनुबन्ध करना होगा तथा संविदा की शर्तो को भली प्रकार से निभाने के लिए नियमानुसार निविदा राशि की 2.5 प्रतिशत सिक्यूरिटी के रूप में सिक्यूरिटी राशि जमा करानी होगी तथा रजिस्टर्ड लघु उद्योग इकाई को नियमानुसार 0.5 प्रतिशत सिक्यूरिटी के रूप में सिक्यूरिटी राशि जमा करानी होगी। सहमत हुए संविदा का कार्य पूर्ण होने की तारीख से दो माह के बाद विवाद न होने की स्थिति में सिक्यूरिटी राशि लौटा दी जावेगी। ऐसी सिक्यूरिटी राशि पर मुद्रणालय द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जावेगा। अनुबन्ध को पूरा करने एवं उस पर स्टाम्प आदि का जो व्यय होगा वह बोलीदाता को वहन करना पडेगा। क्रयकर्ता अधिकारी को निःशुल्क अनुबन्ध की एक स्टाम्प लगी हुई मूल प्रति दी जावेगी। अनुबन्ध के अभाव में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

18. फर्म को भुगतान करने में (राशि के प्रेषण) जो भी अतिरिक्त व्यय होगा वह अनुमोदित फर्म द्वारा वहन किया जावेगा।

19. यदि अनुमोदित फर्म निर्धारित विशिष्ट विवरण के अनुसार माल सप्लाई करने में असफल हो जाता है या निर्दिष्ट अवधि के भीतर सामग्री भेजने में असफल रह जाता है तो मुद्रणालय अन्य प्रकार से व्यवस्था करने को स्वतंत्र होगा तथा जिसमें होने वाली क्षतिपूर्ति बोलीदाता फर्म से की जावेगी।

    मुद्रणालय अनुमोदित वितरक द्वारा सप्लाई नहीं किये गये या अनापूरित फाइल कवर या आपूरित फाइल कवर की गुणवत्ता के सम्बध में शिकायत होने की स्थिति में लिखित में सात दिवस को नोटिस दे सकता है एवं बाद उस नोटिस की तामील होने की तारीख से सात दिवस के भीतर अनुमोदित वितरक पालना करने में असफल रहता है, तो ऐसे मामलों में यदि मुद्रणालय उचित समझता है तो उसके लिए उस सुरक्षित धन राशि को रोकना न्यायोचित होगा एवं वह जो भी सामान जो अनुमोदित वितरक के प्रति बकाया होगा उसे खरीदने के लिए अन्य व्यवस्था कर सकेगा तथा जो भी किसी अन्य अधिकरण के जरिये माल के वितरण करने की व्यवस्था करने में मुद्रणालय द्वारा अधिक व्यय वहन करना पडेगा, वह उसकी कार्य सम्पादन प्रतिभूति में से पूरा किया जावेगा।

20. 1. सामग्री/माल निश्चित किये गये गोदाम पर अच्छी दशा में सम्भलवाया जायेगा। यदि अनुमोदित फर्म चाहती हो तो माल की चोरी होने, आग, बाढ एवं समय के खराब होने से या अन्य प्रकार से बचने के लिए माल का बीमा करा सकता है जिसका व्यय स्वयं फर्म को वहन करना पडेगा।

    2. सामग्री का भुगतान बिल प्राप्ति के एक माह में किया जावेगा। विवादास्पद सामग्री के मामले में निपटारा होने पर बिल का भुगतान किया जावेगा।

    3. बोलीकर्त्ता या उसके प्रतिनिधियों की ओर से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से निविदा स्वीकृत करने के लिए किये गये प्रयास को अयोग्यता माना जावेगा।

21. मुद्रणालय किसी भी निविदा को स्वीकृत करने/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। न्यूनतम दरदाता से वार्ता करने का नियमानुसार उपापन संस्था को पूर्ण अधिकार होगा। वह किसी भी निविदा/निविदा के किसी भाग को उसके कारण बतलाये बिना रद्द कर सकता है।
22. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म के लिए जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं अंतिम तिमाही में प्रस्तुत जी.एस.टी रिटर्न की सनदीलेखाकार द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।
23. बोलीदाता द्वारा संस्था को विलम्ब से आपूर्ति करने पर निम्नाानुसार शास्ति लगाने का पूर्ण अधिकार संस्था प्रशासन को होगा जिसकी कटौती बोलीदाता फर्म के पूर्व बिलों में से अथवा कार्य सम्पादन प्रतिभूति में से काटकर समायोजित कर ली जावेगीः—

| | |
|---|---|
| *(क) विहित परिदान अवधि की एक चौथाई अवधि तक के विलम्ब के लिए;* | *2.5%* |
| *(ख) विहित परिदान अवधि की एक चौथाई से अधिक किन्तु आधी अवधि से अनाधिक के विलम्ब के लिए;* | *5%* |
| *(ग) विहित परिदान अवधि की आधी अवधि से अधिक किन्तु तीन चौथाई अवधि से अनाधिक के विलम्ब के लिए;* | *7.5%* |
| *(घ) विहित परिदान अवधि की तीन चौथाई से अधिक के विलम्ब के लिए;* | *10%* |

24. फर्म को पंजीकृत प्रमाण—पत्र एवं मालिक/साझेदार का नाम व पूर्ण विवरण प्रपत्र एस.आर. 11 में प्रतिष्ठान/कम्पनी के लेटर हेड पर प्रस्तुत करना होगा। प्रारूप निम्नानुसार हैः—

एस.आर प्रारूप — 11

निविदादाताओं द्वारा घोषणा

मैं/हम/घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैंने/हमने जिन मालों/सामानों/उपकरणों के लिए निविदा दी है, उनका/उनके/मैं/हम बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/सोल वितरक/प्राधिकृत डीलर/डीलर/सोल विक्रय/विपणन एजेण्ट हूँ/हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्रवाई, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप से सहपह्रत कर किया जा सकेगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर

25. भुगतान योग्य बिलों पर नियमानुसार टी.डी.एस. काटा जायेगा।
26. दरो में जी.एस.टी. अतिरिक्त होगा।
27. सामग्री मुद्रणालय की आवश्यकता पर ही क्रय की जावेगी।
28. बोलीदाताओं से उत्पन्न होने वाली सभी विवादों एवं अनुबंध के निर्वाचन से सम्बन्धित सभी विवादों के निपटारे के लिये राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के तहत उपापन से सम्बन्धित विवादास्पद प्रकरण के सम्बन्ध में अपील की सुनवाई का अधिकार प्रथम अपील प्राधिकारी मुद्रणालय के प्रशासक/संचालक मंडल एवं द्वितीय अपील प्राधिकारी रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, राजस्थान, जयपुर में निहित है।

29. निविदा अनुबन्ध होने की तिथि से 31.03.2022 तक लिये मान्य होगी। आवश्यकता पड़ने पर नियमों के तहत आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा। एवं मुद्रणालय प्रशासन को अनुबंध अवधि से पूर्व अनुबंध समाप्त करने का अधिकार होगा। इसमें किसी भी प्रकार का विवाद स्वीकार्य नहीं होगा।
30. निविदा स्वीकृत करने/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक, सहकारी मुद्रणालय को होगा।
31. अनुबंधकर्ता बिडर को आयकर/जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
32. दरों में शब्दों एवं अंको में अंतर होने पर शब्दो वाली दर सही मानी जावेगी।
33. बोलीदाता/फर्म को पहचान हेतु फोटो युक्त आई डी प्रूफ प्रस्तुत करना है।
34. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
35. बोलीदाता या बोलीदाता के अधिकृत प्रतिनिधि को समस्त बोली दस्तावेजो पर हस्ताक्षर करना होगा एवं अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा बोली प्रस्तुत करने की स्थिति में उनके पक्ष में बोलीदाता द्वारा जारी अधिकृति पत्र बिड के साथ संलग्न करना होगा अन्यथा बिड पर विचार नही किया जावेगा।
36. किसी न्यायिक विवाद की दशा में न्यायाधिकार क्षेत्र जयपुर शहर स्थित न्यायालय में होगा।
37. उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं अन्य सभी संगत विधिक प्रावधान लागू होंगे।

प्रबन्ध निदेशक

हमने उक्त निविदा शर्ते पूर्ण रूप से पढ़ली हैं तथा हम उक्त सभी शर्तों को मानने के लिए बाध्य होंगे।

हस्ताक्षर बोलीदाता के मय मोहर

# Form of Bid-Securing Declaration

Date :
Bid No.:
Alternative No.:

To:
Managing Director
Rajasthan Rajya Sahakari Mudranalaya Ltd.
Jaipur (Raj.) -302017

We, the undersigned, declare that:
We understand that, according to your conditions, bids must be supported by a Bid-Securing Declaration.
We accept that we are required to pay the bid security amount specified in the Term and Condition of Bid, in the following cases, namely :-

(a) When we withdraw or modify our bid after opening of bids;
(b) When we do not execute the agreement, if any, after placement of supply/work order within the specified period;
(c) When we fail to commence the supply of the goods or service or execute work as per supply/work order within the time specified;
(d) When we do not deposit the performance security within specified period after the supply/work order is placed;and
(e) If we breach any provision of code of integrity prescribed for bidding specified in the Act and Chapter VI of these rules.

In addition to above, the R.R.S.M Ltd. shall debar us from participating in any procurement process undertaken for a period not exceeding three years in case where the entire bid security or any part there of is required to be forfelted by procuring entity.
We understand this Bid Securing Declaration shall expire if :-
(i) We are not the successful Bidder;
(ii) The execution of agreement for procurement and performance security is furnished by us in case we are successful bidder;
(iii) Thirty days after the expiration of our Bid.
(iv) The cancellation of the procurement process; or
(v) The withdrawal of bid prior to the deadline for presenting bids, unless the bidding documents stipulate that no such withdrawal is permitted.

Signed :…………………………………………….
Name :……………………………………………...
In the capacity of :………………………………….
Duly authorized to sign the bid for and on behalf of :
Dated on day of
Corporate Seal………………………………………